## संक्षिप्त

### रघुनाथ खेमका सम्मानित

**चूरू,** (कासं)। अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन की राष्ट्रीय कार्य समिति की बैठक में कार्यकर्त्ताओं द्वारा चूरू जिले में किए गए उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष मंगलुनिया, जिला चेयरमैन रघुनाथ खेमका व जिला महामंत्री मुरारी फतेहपुरिया को सम्मानित किया गया है। इस अवसर पर जिला चेयरमैन खेमका ने जिले में किए गए कार्यों का उल्लेख किया। खेमका ने इस मिले सम्मान को जिले के प्रत्येक अग्रवाल का सम्मान बताया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय महामंत्री गोपाल गोयल, महिला राष्ट्रीय अध्यक्ष विनिता खेतावत, युवा इकाई के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज जिन्दल सहित अग्रवाल बंधु उपस्थित हुए।

### विवाहिता की मौत का मामला दर्ज

**बीदासर,** (निसं)। कस्बे के वार्ड नंबर 35 की 22 वर्षिय विवाहिता की ईलाज के दौरान मृत्यु होने पर मृतका के पिता ने पुलिस थाना मे मरग का मामला दर्ज करवाया है। थानाधिकारी महेन्द्र कुमार चावला ने बताया कि मृतका सरोज के पिता चिमनाराम मेघवाल ने लिखित रिपोर्ट दर्ज करवाई कि मेरी पुत्री सरोज की शादी एक वर्ष पूर्व कस्बे के वार्ड नंबर 35 निवासी जालुराम के साथ हुई थी। मेरी पुत्री सरोज ससुराल मे बीमार हो गई थी। जिसको ईलाज हेतु सीकर ले गये। ईलाज के दौरान मेरी पुत्री की मृत्यु हो गई। पुलिस ने मृतका सरोज के पिता चिमनाराम की रिपोर्ट पर मरग का मामला दर्ज कर सीकर के कल्याण हॉस्पीटल मे मृतका का पोस्टमार्टम कर शव परिजनो को सौप दिया।

### मिरासी समाज की कार्यकारिणी गठित

**रतनगढ़,** (निसं)। मिरासी समाज की कार्यकारिणी का विस्तार रविवार को वार्ड 23 में मिरासी समाज के प्रदेश अध्यक्ष शरीफ गोरेर व प्रदेश प्रभारी मनीर खां खुडी के सानिध्य में सम्पन्न हुआ। पदाधिकारियों ने कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए असलम खान को जिलाध्यक्ष, सोहेल डीडण को तहसील अध्यक्ष व असगर खान को उपाध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया है। इससे पहले प्रदेश अध्यक्ष व प्रदेश प्रभारी का रतनगढ़ पधारने पर समाज के लोगो माला पहनाकर अभिनंदन किया। इस मौके पर छोटू मिरासी, सलीम खान साबुदीन, मोहमद हुसैन, भागु खां , मोती खां, सत्तार, साजिद, नत्थू खां सहित दर्जनों मिरासी समाज के लोग मौजूद थे।

### आचार्य पंडित शंकर पांडे का निधन

**चूरू,** (कासं)। धर्म संघ संस्कृत महाविद्यालय झारिया मोरी चूरू के प्राचार्य आचार्य पंडित शंकर पांडे का निधन हो गया है।



पांडे का निधन होने पर उनके द्वारा पढ़ाए हुए विद्यार्थियों, विभिन्न सामाजिक संघों एवं नागरिकों ने संवेदना व्यक्त की है। आचार्य पंडित शंकर पांडे अपने जीवन में बच्चों के प्रति समर्पित रहे। आचार्य परमानंद पांडेय, आचार्य पंडित गौरी शंकर पांडे, विनय पांडे, बाबूलाल पांडे, विक्रम पांडे, कपिल शर्मा, महेंद्र पांडे, सूरज पांडे आदि ने शोक व्यक्त किया है।

# पेपर लीक मामले में तीन आरोपियों को जेल भेजा, चार रिमांड पर

**चिड़ावा,** (निसं)। पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा के पेपर लीक के मामले मे लगातार पुलिस की जांच जारी है। मामले में सात आरोपी अब तक पूछताछ के बाद साक्ष्यों के आधार पर सलाखों के पीछे जा चुके है।

**पूछताछ लगातार जारी:-** मामले की तफ्तीश मे जुटे एएसपी डॉ.तेजपाल सिंह लगातार पूछताछ के लिए चिड़ावा थाने में डेरा डाले हुए है। उन्होंने लगातार चौथे दिन भी थाने में आरोपियों और संदिग्धों से पूछताछ की। पुलिस के अधिकारी पेपर लीक प्रकरण की कड़ी से कडी जोड़ रहे हैं। जिसमें पेपर मिलने के बाद कितने लोगों को दिया गया। जिसकी एवज में कितनी रकम ली गई। हालांकि अधिकारी मामले को लेकर कुछ भी बताने से बच रहे हैं। अधिकारियों को कहना कि के प्रकरण की जांच चल रही है।

- **पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा के पेपर लीक मामले में लगातार जांच जारी**




पुलिस के अधिकारी पेपर लीक प्रकरण की कड़ी से कड़ी जोड़ रहे हैं।

**तीन आरोपियों को भेजा जेल, चार रिमांड पर:-** मामले में तीन आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उन्हे जेल भेज दिया गया। वहीं चार अन्य आरोपियों को चार दिन के रिमांड पर लिया गया। इधर, तीन दिन के पुलिस रिमांड पर चल रहे आरोपी महीपाल, नरेंद्र और प्रमोद पूनियां की रिमांड अवधि पूर्ण होने पर कोर्ट में पेश किया गया। जहां से तीनों को जेल भेज दिया गया। वहीं शुक्रवार को गिरफ्तार आरोपी ढाणी लालपुर (लुहारू) निवासी संदीप कुमार, नौरंगदेसर(हनुमानगढ़) के मेहरचंद, कुल्हरियों की ढाणी (मंड्रेला) के सत्येंद्र और गोदारा का बास (चिड़ावा) निवासी सचिन गोदारा को कोर्ट में पेश किया गया। जहां से चारों आरोपियों को चार दिन के रिमांड पर भेज दिया गया।

### दो तस्कर गिरफ्तार, आधा किलो गांजा बरामद

**हनुमानगढ़** , (निसं)। जिले की नोहर पुलिस ने अवैध गांजा जब्त कर दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों से 51 हजार 400 रुपए की नकदी भी जब्त की है। आरोपी पैदल ही गांजा सप्लाई देने जा रहे थे और पुलिस को देखकर छुपने का प्रयास करने लगे थे। थानाप्रभारी रविन्द्र नरुका ने बताया कि पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई को अंजाम देते हुए दो व्यक्तियों को आधा किलो गांजा और 51 हजार 400 नकदी सहित गिरफ्तार किया है। नरुका ने बताया कि एसआई गोपीराम कस्बे की गश्त पर थे। गश्त के दौरान रात 9:15 बजे पुलिस नोहर कस्बे में भादरा रेलवे फाटक पहुंची तो उन्हें दो व्यक्तियों की गतिविधियां संदिग्ध लगी। पुलिस टीम को देखकर छुपने का प्रयास करने लगे। पुलिस ने दोनों को रोक कर तलाशी ली तो उनके पास एक बैग में से आधा किलो (500 ग्राम) गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 51 हजार 400 रुपए भी बरामद किए। पुलिस आरोपियों को गांजा व नकदी सहित गिरफ्तार कर थाने ले आई।

## सार-समाचार

### चूरू के कबीर ने सिल्वर मैडल जीता



**चूरू,** (कासं)। मध्यप्रदेश के नीमच में आयोजित पांचवीं मिक्स मार्शल आर्ट प्रतियोगिता में चूरू के खिलाड़ी कबीर ने सिल्वर पदक प्राप्त कर गौरवान्वित किया है। इस टूर्नामेंट में पदक जीतने वाले वे राजस्थान के एकमात्र खिलाड़ी हैं। कबीर के कोच कविंदर राठौड़ ने बताया कि कबीर ने आंध्र प्रदेश व मध्य प्रदेश के खिलाड़ियों को पराजित करते हुए फाइनल में प्रवेश किया तथा सिल्वर पदक प्राप्त किया। इस अवसर पर पिता भंवरलाल ने बताया कि कबीर की सफलता से वे बहुत उत्साहित हैं। इस सफलता पर चूरू मार्शल आर्ट क्लब के बच्चों तथा अध्यक्ष भानी राम सोनी, सुनीता कुमारी ने कबीर को बधाई दी है। सफलता से उत्साहित कबीर ने अपनी सफलता का श्रेय अपने परिवारजनों तथा कोच कविंदर राठौड़ को दिया और कहा कि वे अपने देश के लिए पदक जीतना चाहते हैं।

### महात्मा गांधी विद्यालय में परिंडे लगाए

**चिड़ावा,** (निसं)। महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय ओजटू में इको क्लब प्रभारी कुलदीप सरावग द्वारा विद्यालय परिसर में अत्यधिक गर्मी में पक्षियों को राहत देने के लिए 20 परिंडे लगाए गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य मंजू तोगड़िया ने की। विशिष्ठ अतिथि प्रवेश चौधरी शारीरिक शिक्षक उदयपुरवाटी ब्लॉक अध्यक्ष, तथा राजवीर सांगवान थे। इस अवसर पर विकास धत्तरवाल व्याख्याता , महिपाल सिंह ,महेश सिंघल ,राजेंद्र सैनी, ओमप्रकाश आदि मौजूद रहे।विद्यालय स्टाफ ने ग्रीष्मावकाश के दौरान पक्षियों के लिए रोजाना दाना पानी की व्यवस्था सुचारू रखने का संकल्प लिया।

### बी.एस.सी. नर्सिंग खुलने पर बांटी मिठाई

**सादुलपुर,** (निसं)। चूरू जिले के राजगढ कस्बे की रूही चौधरी इंस्टीटयूट ऑफ नर्सिंग, सादुलपुर में पहला बी.एस.सी. नर्सिंग खुलने पर सादुलपुर में खुशी की लहर है। वहीं इस क्षेत्र में पहला बी.एस.सी. नर्सिंग खुलने पर शुक्रवार को समस्त इन्टीटयूशन के स्टाफ नें इन्स्टीटयूट के निदेशक डॉ. प्रदीप चौधरी को मिठाई खिलाकर खुशी व्यक्त की है। चौधरी ग्रुप ऑफ एज्यूकेशन के निदेशक डॉ. प्रदीप चौधरी नें बताया कि 19 मई 2022 को रूही चौधरी इन्स्टीटयूट ऑफ नर्सिंग्र (बी.एस.सी. नर्सिंग)सादुलपुर जिला चूरू को राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय जयपुर नें मान्यता देकर सत्र-2021-22 के लिए 4 वर्षीय नर्सिंग डिग्री के लिए होने वाली द्वितीय काउंसलिंग में सम्मलित किया है। जिसमें आरयूएचएस जयपुर की सीट मैट्रिक्स में सिरियल नम्बर 110 है।

### बैठक आज

**सादुलपुर,** (निसं)। दलित वर्ग विकास संस्थान (छात्रावास) सादुलपुर में संस्थान के अध्यक्ष सतबीर बागोत की अध्यक्षता में 23 मई सोमवार को प्रात: 8 बजे नवनिर्वाचित कार्यकारिणी सदस्यों, आजीवन सदस्य और सामान्य सदस्यों की बैठक प्रायोजित होगी। जिसमें संस्थान में आगामी नवसर्जित कार्यो एवं सामाजिक सरोकारों पर विचार-विमर्श किया जायेगा।

### किसान जागरूकता मेले का आयोजन



**चिड़ावा,** (निसं)। आदर्श बीज भंडार सूरजगढ़ पर किसान जागरूकता मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रतेरवाल सीड्स के कृष्ण कुमार शर्मा ने की । मुख्य अतिथि उद्यान विभाग के शीशराम जाखड व कर्षि विभाग के डॉ. सहदेव सिंह थे। विशिष्ट अतिथि रेलिज इंडिया लि. के रीजनल मैनेजर चौधरी हरेन्द्र सिंह थे। शीशराम जाखड ने किसानों को उद्यान विभाग की योजनाओं की जानकारी दी। डा. सहदेव सिंह ने किसानों को खेती में बरतने वाली सावधानियों के बारे में बताया । डॉ. हरेन्द्र सिंह ने किसानों को धान्या बाजरा एम पी 7878 व एम पी 7171 की विशेषताओं के बारे में बताया । मकबूल अहमद ने पशु स्वास्थ्य व पशु आहार के बारे में जानकारी दी। धान्या सीड्स के क्षेत्रीय अधिकारी सुरजीत ढिल्लन ने टाटा ठ्ाप के बारे में विस्तार से चर्चा की । अधिक पैदावर के लिए धान्या बाजरा लगाने की अपील की। सभा को विकाश सिंह, कुलदीप सिंह , सतीश कुमार, भवानीशंकर, अनिल कुमार, ने विचार व्यक्त किये । कार्यक्रम का संचालन हास्य कवि हरीश हिंदुस्तानी ने किया । वेस्टर्न मूंगफली, ग्वार व मूंग के बारे में भी जानकारी दी । इस दौरान 80 किसानों को लकी ड्रा से बाजरा 7878 के सैंपल वितरित किये गए । अंत मे शोमवीर शर्मा ने आये हुए किसानों को धन्यवाद दिया । संदीप, बिहारी लाल, रमेश भालोठिया, राकेश गजराज, रामकिशन यादव, विद्याधर देवरोड़ सहित काफी किसानों ने भाग लिया।

### 30 हजार की ठगी

**हनुमानगढ़** , (निसं)। युवक का रिश्ता करवाने के नाम पर 30 हजार रुपए की ठगी करने का मामला सामने आया है। जंक्शन पुलिस थाने में इस संबंध में एक महिला ने 3 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया गया है। जांच अधिकारी एएसआई जसकरण सिंह ने बताया कि थाने में द्रोपती पत्नी जयराम सोनी ने रिपोर्ट में बताया कि उसकी जान-पहचान वीरपाल कौर पुत्री दर्शन सिंह मजहबी निवासी 2 केएनजे आबादी के साथ है।उन्होंने कहा कि तुम्हारे पुत्र महेन्द्रपाल का रिश्ता करवा सकते हैं। उनकी जान-पहचान में एक लड़की है। इस रिश्ते को करवाने के लिए वीरपाल कौर, कृष्णलाल उर्फ एमपी और गुलाब सिंह ने उससे सोने की एक अंगूठी और 30 हजार रुपए की मांग की।

## वार्डवासियों ने पेयजल समस्या को लेकर विरोध-प्रदर्शन किया



बीदासर पेयजल समस्या को लेकर विरोध करते वार्ड 19 के निवासी।

**बीदासर,** (निसं)। कस्बे के वार्ड नंबर 19 मे लम्बे समय से चल रही पेयजल किल्लत को लेकर वार्डवासियों ने महिलाओं के साथ मौहल्ले मे जलदाय विभाग के अधिकारियों के खिलाफ जमकर आक्रोश प्रकट किया महिलाओं व युवको ने हाथों मे खाली मटके लिये हुये प्रदर्शन किया।

वार्डवासियों ने बताया कि गत एक महिने से इस भयंकर गर्मी के मौसम मे गरीब लोगो को पानी के लिये दर-दर की ठोकरे खानी पड़ रही है। वार्ड मे कभी दस दिनो से तो कभी सात दिन के अंतराल से जलदाय विभाग पानी की सप्लाई कर रहा है। वह भी मात्र 20 से 25 मिनट तक कर रहा है जिससे पानी की पर्याप्त आपूर्ति नही हो रही है। सक्षम घरो के लोग पानी के टैंकर मंगवाकर पानी की आपूर्ति कर रहे है। वही गरीब लोगो की कोई सुनवाई नही हो रही है। वार्डवासियों ने कहा कि अविलम्ब पेयजल सप्लाई मे सुधार नही हुआ तो वार्डवासी जलदाय विभाग कार्यालय का घेराव कर उठा प्रदर्शन करेंगे। प्रदर्शन करनेवालो मे पूर्व भाजपा नगर अध्यक्ष रामनिवास माली, जतिन मोयल, नानू पाण्डेय, सुरेन्द्र सिंह, राहुल पाण्डेय, जीतु लुहार सहित वार्ड की महिलाओं ने भाग लिया।

## वाहन चालक ने तोड़ा विद्युत पोल, राहगीर बाल-बाल बचे



ट्रक की टक्कर से टूटकर गिरा विद्युत पोल व सड़क पर बिखरे विद्युत तार।

**सादुलपुर,** (निसं)। रविवार सुबह करीबन 11.30 बजे के आसपास वार्ड 11 सिल्वर फैक्ट्री के पास अज्ञात ट्रक चालक द्वारा विद्युत पोल को टक्कर मारने के कारण जहां करीबन आधा दर्जन के आसपास घरों में दिनभर विद्युत आपूर्ति बन्द रही। वहीं ट्रक की लगी टक्कर के कारण घटना के दौरान मौके पर राहगीर या मौहल्लेवासी सड़क पर नहीं थे, अन्यथा विद्युत पोल टूटकर गिरने से बडा हादसा हो सकता था।

एडवोकेट दीनदयाल स्वामी नें बताया कि ट्रक चालक की लापरवाही से टूटा विद्युत पोल तारों सहित जमीन पर गीर पडा, मगर सडक मार्ग पर कोई नहीं था, वरना बडा हादसा हो सकता था। एडवोकेट स्वामी नें बताया कि पोल टूटने के बाद एक बार बिजली बोर्ड के कार्मिक मौके पर आये थे, मगर उसके बावजूद 7 घटों का समय निकल गया, कोई भी विद्युत कर्मचारी पोल लगाने के लिए नहीं आया है। जिसके कारण मोहल्लेवासी दिनभर भीषण गर्मी में परेशान हो रहे है, मगर बार-बार शिकायत करनें के बाद भी अभी तक विद्युत आपूर्ति बहाल नहीं की गई है। उन्होंने बताया कि फॉरपोल पर विद्युत शिकायत दर्ज करवाने के लिए गये मगर वहां पर शिकायत दर्ज करने वाले कार्मिक नहीं होना बताया गया है, आखिर खाली हाथ ही घर पर लौटना पडा है। समाचार लिखे जाने तक विद्युत आपूति बन्द रही।

## प्रदेश सरकार चूरू के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है: हरलाल सहारण

**चूरू,** (कासं)। कॉपरेटिव बैंक के द्वारा किसानों को बिना ब्याज लोन दिया जाता है परंतु इस बिना ब्याज के लोन का लाभ पिछले तीन वर्ष से चूरू के किसानों को नहीं मिल रहा है। इस विषय में उपनेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने पिछले सत्र के दौरान विधानसभा में मांग उठाई थी कि पिछले 3 वर्ष से चूरू के किसानों पर बीमा कर लग रहा है जिससे उन्हें नुकसान उठाना पड़ रहा है।

उप नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ की मांग पर सरकार ने आश्वासन भी दिया था कि इसे हटा दिया जाएगा परंतु अब तक इसको हटाया नहीं गया है। यहां पूर्व जिला प्रमुख हरलाल सहारण ने आरोप लगाते हुए कहा चूरू जिले के किसानों के साथ अन्याय किया जा रहा है जबकि चूरू जिले में कांग्रेस के चार विधायक हैं परंतु किसी भी विधायक के द्वारा किसानों के हित के लिए इस बारे में मांग नहीं उठाई गई जो इन कांग्रेस विधायकों के किसान विरोधी रवैये को दर्शाता है। सहारण ने प्रदेश सरकार पर चूरू के साथ सौतेला व्यवहार करने का आरोप लगाते हुए कहा कि प्रदेश में चूरू को छोड़कर झुंझुनू, नागौर और सीकर में 10 प्रतिशत बढ़ाकर किसानों को पैसा मिल रहा है परंतु बार-बार मांग करने पर भी प्रदेश सरकार इस ओर ध्यान नहीं दे रही है। सहारण ने कलैक्टर से मुलाकात के दौरान कहा कि एक ओर तो केंद्र सरकार किसान सम्मान निधि के रूप में प्रत्येक वर्ष 6000 रुपये देकर किसान का सम्मान कर रही है, वहीं प्रदेश की सरकार किसान को ठगने का काम कर रही है। पूर्व जिला प्रमुख हरलाल सहारण ने कहा कि इस और अगर सरकार ने ध्यान नहीं दिया तो शीघ्र ही जिले का किसान बड़ा आंदोलन करेगा। इस अवसर पर प्रधान दीप चंद राहड़, पूर्व जिलाध्यक्ष बसन्त शर्मा, उप प्रमुख महेंद्र न्योल, विकास ढाका आदि उपस्थित रहे।

### बिजली के खंभे से चिपका बच्चा

**श्रीगंगानगर,** (निसं)। जिले के पदमपुर इलाके में गांव बींझबायला में बच्चा करंट की चपेट में आने से बिजली के खंभे से चिपक गया। गनीमत यह रही कि बच्चे के खंभे से चिपकते ही आसपास के लोगों को इसकी जानकारी मिल गई। उन्होंने पास पड़े एक लकड़ी के मेज से बच्चे को बिजली के खंभे से दूर करने का प्रयास किया। खंभे से चिपकते ही बच्चा बेहोश हो गया। आनन-फानन में आसपास के लोग उसे लेकर घमूड़वाली अस्पताल पहुंचे जहां बच्चे को होश आ गया। मौके पर मौजूद डॉक्टरों ने उसे प्राथमिक इलाज दिया। शाम तक बच्चे की हालत ठीक थी। गांव बींझबायला के पास मेन रोड ढोली परिवारों की बस्ती है। इसी बस्ती में पठान ढोली रहता है जो विवाह अवसरों पर ढोल बजाकर परिवार का पालन पोषण करता है। शनिवार को पठान ढोली का बेटा अमन नमकीन का पैकेट खरीदने के लिए बस्ती के पास ही गांव में जूस की दुकान पर आया था।

## आरटीआई कार्यकर्ताओं ने पक्षियों के लिये परिण्डे लगाए

**चूरू,** (कासं)। जन कल्याण मंच टीम आरटीआई के अध्यक्ष रतनलाल जांगिड़ ने कहा है कि तेज गर्मी को देखते हुए कार्यकर्ताओं ने पक्षियों के लिए परिण्डे लगाने का काम शुरू किया है। जांगिड़ यहां जन कल्याण मंच टीम आरटीआई द्वारा आयोजित परिण्डे लगाने के कार्यक्रम के दौरान अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। जांगिड़ ने कहा कि इन दिनों तपती गर्मी में पक्षियों को राहत देने के लिए परिण्डे लगाना बहुत जरूरी है। जांगिड़ ने कहा कि इससे यहां पक्षियों को दाना और पानी की सुविधाएं उपलब्ध होगी।

इस अवसर पर आरटीआई महासचिव योगेन्द्र शर्मा ने बताया कि शहरी जल स्त्रोत कम होते हैं। ऐसे में पानी की कमी से पक्षी डिहाइड्रेशन के शिकार न हो जाएं, इसलिए उनके संगठन ने परिण्डे लगाने का निर्णय लिया है। आर टी आई उपाध्यक्ष श्रवण पीपलवा ने कहा कि हमें अपने घरों में और आसपास पानी भरकर परिण्डे लगाने चाहिए। एडवोकेट अर्पित सोनी ने कहा कि शहरों में पक्षी आवासीय बस्तियों के आस पास रहते हैं, इसलिए हमें गर्मियों में जगह-जगह छाया, पानी व दाने की व्यवस्था करनी चाहिए। इस कार्यक्रम में राकेश स्वामी ने आयोजक की भूमिका निभाई। जन कल्याण मंच टीम आर टी आई के सलाहकार जेपी जोशी ने टीम कार्यकर्त्ताओं को साधुवाद के पात्र बताया। इस अवसर टीम के मौजूद कार्यकर्ता महनुदीन काजी, अफरोज अली भींचर, रतनलाल सेवग, अमरसिंह, प्रभु जांगिड़, रजब अली चित्रकार, अल्ताफ सोलंकी, कपिल शर्मा, हारुन निर्वाण आदि ने सराहनीय सहयोग किया। परिण्डे एफ सी आई गोदाम के सामने, गुसांईजी के मंदिर, विद्यालयों, श्मसानघाट एवं कब्रिस्तान में लगाए गए।

### दो दोस्तों की डिग्गी में डूबने से मौत

**श्रीगंगानगर,** (निसं)। जिले के पदमपुर इलाके के गांव सांवतसर में रविवार को गर्मी से निजात पानी के लिए खेत में बनी डिग्गी में नहाने के लिए गए दो दोस्तों की मौत हो गई। दोनों अपने कुछ दोस्तों के साथ नहर पर नहाने गए थे। इसी दौरान एक का पांव फिसला। दूसरा उसे बचाने लगा तो वह भी पानी में डूब गया। उन्हें डूबता देख पास खड़े दोस्तों ने शोर मचाया लेकिन जब तक उन्हें बचाया जाता उनकी मौत हो चुकी थी। पदमपुर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को सौंप दिया है। गांव सांवतसर का रहने वाला दीपक पुत्र बाबूलाल मेघवाल और उसका दोस्त जयदेव पुत्र हीरालाल रविवार दोपहर करीब तीन बजे के आसपास गर्मी से निजात पाने के लिए गांव में एक खेत में बनी डिग्गी पर नहाने के लिए गए थे। उनके साथ उनके कुछ दोस्त भी थे। ये लोग दोपहर में डिग्गी में उतरे। इनके कुछ दोस्त तो बाहर निकल आए लेकिन दीपक और जयदेव नहाते रहे। इसी दौरान जयदेव का पांव फिसला। वह डूबने लगा तो दीपक ने उसे बचाने की कोशिश की। इसी प्रयास में दीपक का भी बैलेंस बिगड़ गया और वह डिग्गी में गिर गया।

# शोक सभा में शिरकत कर नमक उद्यमी पूनियां को दी श्रद्धांजलि



नमक उद्यमी दिवंगत जयपाल पूनिया के पैतृक गांव गागडवास शोकाकुल परिवार को ढांढ़स बंधवाते सांसद, विधायक, प्रधान, सरपंचगण।

**सादुलपुर,** (निसं)। रविवार को एक दिवसीय शोक बैठक जयपुर, नावा, नागौर व बाहर से आने वालों की सुविधा के लिए नमक उद्यमी दिवंगत जयपाल पूनिया के पैतृक गाँव गागडवास में रखी गई। जिसमें विभिन्न जगहों से सांसद, विधायक, प्रधान, सरपंचों के अलावा नमक उत्पादक संघों के अध्यक्ष आदि ने शोक बैठक में शिरकत कर श्रद्धाजंली अर्पित की, एवं उनके चित्र पर पुष्प चढाए। नागौर सांसद पूर्व केंद्रीय मंत्री व राजस्थान लोक सेवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष सी.आर. चौधरी, पूर्व सांसद रामसिंह, पूर्व विधायक नन्दलाल पूनिया, सांभर साल्ट लिमिटेड के सीएमडी, पूर्व विधायक कुचामन, पूर्व माटी कला बोर्ड अध्यक्ष रहे हरीश कुमावत, पूर्व विद्यायक नावां विजयसिंह चौधरी, अधिवक्ता रामावतार सिंह, प्रो.दिलीप पूनिया, दिव्यांग संघ व शिक्षक संघ एकीकृत के प्रदेश उपाध्यक्ष मनोज पूनिया एवं प्रधान प्रतिनिधि हेमराज पूनिया आदि ने शोकाकुल परिजनों डॉ. अंतरसिंह, ईश्वरसिंह, एडवोकेट विजयसिंह पूनिया (ताऊ), देशराज (पिता), जयप्रकाश (चाचा), पुत्र लक्ष्मीनारायण व लोकेश को ढांढस बंधाया। भाई धीरज,अशोक, अधिवक्ता मुकेश पूनिया, धीरज, सत्यनारायण, सुनील, राजकुमार, कृष्ण पूनिया आदि को सांत्वना दी। वहीं सभी नें जयपाल को समाजसेवी, मिलनसार युवा बताते हुए उनके निधन को अपूरणीय क्षति बताया। राजगढ तारानगर से व ग्रामीण क्षेत्र से भी बडी संख्या में लोगों ने शोक बैठक में पहुंच कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

### हथकढ़ शराब निकालने वालों पर दबिश

**हनुमानगढ़,** (निसं)। जिले के टिब्बी थाना क्षेत्र के गांव सुरेवाला में आबकारी टीम ने हथकड़ शराब निकालने वालों पर दबिश दी। इस दौरान कुछ लोगों ने टीम पर हमला बोल दिया। इस पर पुलिस ने अवैध शराब के साथ ही मारपीट और राजकार्य में बाधा डालने का मामला दर्ज कर लिया। पुलिस कार्रवाई को गलत बताते हुए पीड़ित धरने पर बैठक गए। उनकी रिपोर्ट पर आबकारी अधिकारी, शराब ठेकेदार और अन्य के खिलाफ मामला दर्ज करने पर रात 2 बजे उन्होंने धरना समाप्त कर दिया। टिब्बी थानाधिकारी सुभाषचंद्र कच्छावा ने बताया कि अवैध शराब कारोबारियों के खिलाफ कार्रवाई के तहत संगरिया व हनुमानगढ़ आबकारी टीम सुरेवाला पहुंची थी। वहां से चौकी पुलिस को साथ लेकर वार्ड 13 में टीम ने ओमप्रकाश पुत्र शेर सिंह रायसिख के घर पर दबिश दी थी। आबकारी का आरोप है कि टीम को देखकर आरोपियों ने लाहन नष्ट कर दिया और मौके से 5 लीटर हथकड़ जब्त की।

## आत्मीयता विस्तार कार्यशाला का आयोजन किया

**चूरू,** (कासं)। स्थानीय गायत्री शक्तिपीठ प्रांगण में दिव्य भारत युवा संघ दीया चूरू, युवा इकाई गायत्री परिवार व नेहरु युवा केंद्र चूरू की ओर से आत्मीयता विस्तार कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें दीया राजस्थान के जॉन प्रभारी संदीप त्रिपाठी गायत्री परिवार के राम सिंह राठौड़, रिटायर प्रिंसिपल लक्ष्मण राम नेण, रिटायर प्रिंसिपल उम्मेद सिंह राठौड़, उम्मेद राज सैनी, संभाग प्रभारी ललित सारस्वत, रवि प्रकाश दाधीच आदि मंचस्थ थे।

कार्यक्रम से पूर्व उम्मेद सिंह राठौड़ ने गायत्री परिवार व दिया चूरू के बारे में विस्तार से बताया तथा युवाओं को श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा रचित साहित्य पढ़ने तथा पढ़ाने पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता दीया जोन प्रभारी संदीप त्रिपाठी ने कहा कि वर्तमान समय में युवा जिस मानसिक परेशानी से गुजर रहा है वह बहुत ही भयानक है। आज के युग में युवाओं की रुचि हर क्षेत्र में घट गई और सिर्फ मोबाइल में रह गई है। जिसके माध्यम से वह अनेक प्रकार की चीजों से वंचित रह गया और जो चीज उसे बचपन में सीखनी थी वह छूट गई एवं मोबाइल के जरिए वह है ऐसे ऐसे कार्य करने लगे ने लग गया। जिसके कारण उसका मानसिक संतुलन खराब हो गया और वह अपने पथ से विचलित हो गया है आओ हम आत्मीयता का विस्तार करें अपने आपको जगाए अपने आपको सुधारें। गायत्री परिवार के राम सिंह राठौड़ ने कहा कि दिव्य भारत युवा संघ द्वारा चलाए जा रहे आत्मीयता विस्तार कार्यक्रम हर महीने आयोजित किए जाने चाहिए । जिससे युवाओं को जगाने का कार्य हो सके हम सबका यही उद्देश्य है कि युवाओं को आदर्श कैसे बनाएं। संभाग प्रभारी ललित सारस्वत ने कहा कि वर्तमान समय में युवा बिछड़ गया है और उसे क्या करना है या क्या नहीं करना इस चीज का ज्ञान नहीं है। वह सिर्फ मोबाइल में रह गया है और अपने नैतिक शिक्षा का ज्ञान भूल गया है।